लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

संसद सदस्यों ने श्री एम. अनन्तशयनम आयंगर को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 4 फरवरी, 2020: लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला; राज्य सभा के उप सभापति, श्री हरिवंश तथा पूर्व उप प्रधानमंत्री, श्री लाल कृष्ण आडवाणी ने आज लोक सभा के पूर्व अध्यक्ष, श्री एम. अनन्तशयनम आयंगर की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

संसद सदस्यों, पूर्व संसद सदस्यों तथा लोक सभा की महासचिव, श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव ने भी श्री आयंगर को श्रद्धांजलि दी ।

लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला की पहल पर, संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में श्री एम अनंतशयनम आयंगर के बारे में संसद ग्रंथालय में उपलब्ध पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई गई । इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को

लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित श्री आयंगर के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई ।

श्री एम.ए. आयंगर एक वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी और प्रख्यात सांसद थे । वह केन्द्रीय विधान सभा, संविधान सभा, अंतरिम संसद और पहली से तीसरी लोक सभा के सदस्य रहे । 1952 में पहली लोक सभा के गठन के समय श्री एम.ए. आयंगर सर्वसम्मति से लोक सभा के उपाध्यक्ष चुने गए । इससे पहले वह संविधान सभा (विधायी) के उपाध्यक्ष और अंतरिम संसद के उपाध्यक्ष पद पर भी आसीन रहे । तत्कालीन अध्यक्ष, श्री जी.वी. मावलंकर के आकस्मिक निधन के पश्चात् श्री आयंगर को 8 मार्च, 1956 को सर्वसम्मति से लोक सभा का अध्यक्ष चुना गया । 1957 में दूसरी लोक सभा का गठन होने पर श्री आयंगर को पुनः सर्वसम्मति से लोक सभा का अध्यक्ष चुना गया । यद्यपि, वह तीसरी लोक सभा के लिए चुने गए थे, परन्तु बिहार के राज्यपाल का कार्यभार ग्रहण करने के लिए उन्होंने लोक सभा की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया ।

श्री आयंगर का 19 मार्च, 1978 को निधन हो गया ।

PARLIAMENTARIANS PAY TRIBUTES TO SHRI M. ANANTHASAYANAM AYYANGAR

New Delhi, 4 February 2020: Lok Sabha Speaker Shri Om Birla; Rajya Sabha Deputy Chairman Shri Harivansh and former Deputy Prime Minister Shri L. K. Advani paid floral tributes at the portrait of former Lok Sabha Speaker, Shri M. Ananthasayanam Ayyangar, in the Central Hall of Parliament House, on his birth anniversary today.

Among others who paid tributes were Members of Parliament, former Members of Parliament and Secretary-General of Lok Sabha Smt. Snehlata Shrivastava.

On the initiative of Lok Sabha Speaker Shri Om Birla, an exhibition of books on Shri M. Ananthasayanam Ayyangar, available in the Parliament Library, was held in the Central Hall of Parliament House. A booklet containing the profile of Shri M. Ananthasayanam Ayyangar, brought out in Hindi and English by the Lok Sabha Secretariat, was presented to the dignitaries who attended the function.

Shri M.A. Ayyangar was a veteran freedom fighter and eminent parliamentarian. He was a member of the Central Legislative Assembly, Constituent Assembly, Provisional Parliament and First to Third Lok Sabha. When First Lok Sabha was constituted in 1952, Shri M.A. Ayyangar was the unanimous choice to be its Deputy Speaker, having earlier served as the Deputy Speaker of the Constituent Assembly (Legislative) and Deputy Speaker of the Provisional Parliament. After the sudden demise of the then Speaker, Shri G.V. Mavalankar, he was unanimously elected to preside over the Lok Sabha on 8 March 1956. Shri Ayyangar was, once again, unanimously elected the Speaker of the Second Lok Sabha in 1957. Though elected to the Third Lok Sabha, he resigned soon after to assume office as the Governor of Bihar.

Shri Ayyangar passed away on 19 March 1978.